*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

क्रम संख्या | टी. बी. सी. : KSPC-P-GSPO | परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

1989601

# परीक्षण पुस्तिका

# सामान्य अध्ययन

## प्रश्न-पत्र – I

A

*समय : दो घण्टे* | *पूर्णांक : 200*

## अनुदेश

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें ।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **सभी प्रश्नों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

*जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें*

***Note :*** **English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.**

1. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*
पार्थिव विकिरण की तुलना में आगमी (इनकमिंग) सौर विकिरण से वायुमंडल अधिक गर्म हो जाता है ।

*कथन-II :*
वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसें दीर्घ तरंग विकिरण के अच्छे अवशोषक हैं ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*
भूमध्यरेखा (इक्वेटर) पर क्षोभमंडल की मोटाई, ध्रुवों की तुलना में बहुत अधिक है ।

*कथन-II :*
भूमध्यरेखा (इक्वेटर) पर, प्रबल संवहनी धाराओं द्वारा ऊष्मा को अधिक ऊँचाई तक ले जाया जाता है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

3. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. ज्वलखंडाश्मी (पाइरोक्लास्टी) मलबा
2. राख और धूल
3. नाइट्रोजन यौगिक
4. सल्फर यौगिक

उपर्युक्त में से कितने ज्वालामुखी उद्गारों के उत्पाद हैं ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) केवल तीन

(d) सभी चार

4. जनवरी माह में समतापी रेखा-मानचित्रों (आइसोथर्मल मैप) से प्राप्त कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष सही है/हैं ?

1. समताप रेखाएँ महासागर के ऊपर उत्तर की ओर और महाद्वीप के ऊपर दक्षिण की ओर विचलित हो जाती हैं ।
2. शीत महासागरीय धाराओं, गल्फ स्ट्रीम और उत्तरी अटलांटिक अपवाह (ड्रिफ्ट) की उपस्थिति उत्तरी अटलांटिक महासागर को शीतल बनाती हैं और समताप रेखाएँ उत्तर की ओर मुड़ जाती हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

5. निम्नलिखित में से कौन-से देश विश्व के दो सबसे बड़े कोको उत्पादक के रूप में विख्यात हैं ?

(a) अल्जीरिया और मोरक्को

(b) बोत्सवाना और नामीबिया

(c) कोटे डी'आइवर और घाना

(d) मेडागास्कर और मोज़ाम्बीक

1. Consider the following statements :

*Statement-I :*
The atmosphere is heated more by incoming solar radiation than by terrestrial radiation.

*Statement-II :*
Carbon dioxide and other greenhouse gases in the atmosphere are good absorbers of long wave radiation.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I

(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does ***not*** explain Statement-I

(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect

(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct

2. Consider the following statements :

*Statement-I :*
Thickness of the troposphere at the equator is much greater as compared to poles.

*Statement-II :*
At the equator, heat is transported to great heights by strong convectional currents.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I

(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does ***not*** explain Statement-I

(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect

(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct

3. Consider the following :

1. Pyroclastic debris
2. Ash and dust
3. Nitrogen compounds
4. Sulphur compounds

How many of the above are products of volcanic eruptions ?

(a) Only one

(b) Only two

(c) Only three

(d) All four

4. Which of the following is/are correct inference/inferences from isothermal maps in the month of January ?

1. The isotherms deviate to the north over the ocean and to the south over the continent.
2. The presence of cold ocean currents, Gulf Stream and North Atlantic Drift make the North Atlantic Ocean colder and the isotherms bend towards the north.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

5. Which of the following countries are well known as the two largest cocoa producers in the world ?

(a) Algeria and Morocco

(b) Botswana and Namibia

(c) Côte d'Ivoire and Ghana

(d) Madagascar and Mozambique

6. पश्चिम से पूर्व की ओर प्रयागराज के अनुप्रवाह में गंगा में मिलने वाली हिमालय की नदियों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम सही है ?

(a) घाघरा – गोमती – गंडक – कोसी
(b) गोमती – घाघरा – गंडक – कोसी
(c) घाघरा – गोमती – कोसी – गंडक
(d) गोमती – घाघरा – कोसी – गंडक

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*
चट्टानों के अपक्षय के कारणों में से एक कारण वर्षा है ।

*कथन-II :*
वर्षा जल में घोल के रूप में कार्बन डाइऑक्साइड विद्यमान होता है ।

*कथन-III :*
वर्षा जल में वायुमंडलीय ऑक्सीजन विद्यमान होता है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-II और कथन-III दोनों सही हैं तथा दोनों, कथन-I की व्याख्या करते हैं
(b) कथन-II और कथन-III दोनों सही हैं, किंतु उनमें से केवल एक, कथन-I की व्याख्या करता है
(c) कथन-II और कथन-III में से केवल एक सही है और वह कथन-I की व्याख्या करता है
(d) न तो कथन-II, न ही कथन-III सही है

8. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए :

1. फिनलैंड
2. जर्मनी
3. नॉर्वे
4. रूस

उपर्युक्त में से कितने देशों की सीमा उत्तरी समुद्र के साथ लगती है ?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

9. निम्नलिखित सूचना पर विचार कीजिए :

| | *जलप्रपात* | *क्षेत्र* | *नदी* |
|---|---|---|---|
| 1. | धुआंधार | मालवा | नर्मदा |
| 2. | हुंड्रू | छोटा नागपुर | सुवर्णरेखा |
| 3. | गेर्सोप्पा | पश्चिमी घाट | नेत्रवती |

उपर्युक्त सूचना में से कितनी पंक्तियाँ सही सुमेलित हैं ?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

10. निम्नलिखित सूचना पर विचार कीजिए :

| | *क्षेत्र* | *पर्वत शृंखला का नाम* | *पर्वत का प्रकार* |
|---|---|---|---|
| 1. | मध्य एशिया | वॉसजेस | वलित पर्वत |
| 2. | यूरोप | आल्प्स | भ्रंशोत्थ (ब्लॉक) पर्वत |
| 3. | उत्तर अमेरिका | अप्लेशियन | वलित पर्वत |
| 4. | दक्षिण अमेरिका | एंडीज़ | वलित पर्वत |

उपर्युक्त सूचना में से कितनी पंक्तियाँ सही सुमेलित हैं ?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

6. With reference to the Himalayan rivers joining the Ganga downstream of Prayagraj from West to East, which one of the following sequences is correct ?
(a) Ghaghara – Gomati – Gandak – Kosi
(b) Gomati – Ghaghara – Gandak – Kosi
(c) Ghaghara – Gomati – Kosi – Gandak
(d) Gomati – Ghaghara – Kosi – Gandak

7. Consider the following statements :

*Statement-I :*
Rainfall is one of the reasons for weathering of rocks.

*Statement-II :*
Rain water contains carbon dioxide in solution.

*Statement-III :*
Rain water contains atmospheric oxygen.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?
(a) Both Statement-II and Statement-III are correct and both of them explain Statement-I
(b) Both Statement-II and Statement-III are correct, but only one of them explains Statement-I
(c) Only one of the Statements II and III is correct and that explains Statement-I
(d) Neither Statement-II nor Statement-III is correct

8. Consider the following countries :
1. Finland
2. Germany
3. Norway
4. Russia

How many of the above countries have a border with the North Sea ?
(a) Only one
(b) Only two
(c) Only three
(d) All four

9. Consider the following information :

| | *Waterfall* | *Region* | *River* |
|---|---|---|---|
| 1. | Dhuandhar | Malwa | Narmada |
| 2. | Hundru | Chota Nagpur | Subarnarekha |
| 3. | Gersoppa | Western Ghats | Netravati |

In how many of the above rows is the given information correctly matched ?
(a) Only one
(b) Only two
(c) All three
(d) None

10. Consider the following information :

| | *Region* | *Name of the mountain range* | *Type of mountain* |
|---|---|---|---|
| 1. | Central Asia | Vosges | Fold mountain |
| 2. | Europe | Alps | Block mountain |
| 3. | North America | Appalachians | Fold mountain |
| 4. | South America | Andes | Fold mountain |

In how many of the above rows is the given information correctly matched ?
(a) Only one
(b) Only two
(c) Only three
(d) All four

11. निम्नलिखित विमानपत्तनों पर विचार कीजिए :

1. डोनी पोलो विमानपत्तन
2. कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन
3. विजयवाड़ा अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन

हाल ही में, उपर्युक्त में से किनका निर्माण नवीन (ग्रीनफील्ड) परियोजनाओं के रूप में किया गया है ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

12. "जल वाष्प" के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह एक गैस है, जिसकी मात्रा ऊँचाई के साथ घटती है ।
2. ध्रुवों पर इसका प्रतिशत अधिकतम है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

13. निम्नलिखित विवरण पर विचार कीजिए :

1. तापमानों की वार्षिक और दैनिक सीमा (रेंज) निम्न है ।
2. वर्ष भर वर्षण होता है ।
3. वर्षण में भिन्नता 50 cm – 250 cm के मध्य होती है ।

यह किस प्रकार की जलवायु है ?

(a) विषुवतीय जलवायु
(b) चीन प्रकार जलवायु
(c) आर्द्र उपोष्णकटिबंधीय जलवायु
(d) समुद्री पश्चिम तटीय जलवायु

14. "कोरिऑलिस बल" के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

1. यह पवन वेग की वृद्धि के साथ बढ़ता है ।
2. यह ध्रुवों पर सर्वाधिक है और भूमध्यरेखा (इक्वेटर) पर विद्यमान नहीं होता है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

15. प्रत्येक वर्ष 21 जून को, निम्नलिखित में से किस अक्षांश/किन अक्षांशों पर 12 घंटे से अधिक समय तक सूर्य का प्रकाश विद्यमान रहता है ?

1. भूमध्यरेखा (इक्वेटर)
2. कर्क रेखा
3. मकर रेखा
4. उत्तर ध्रुवीय (आर्कटिक) वृत्त

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 3 और 4
(d) 2 और 4

16. निम्नलिखित क्षेत्रों में से एक में विश्व की सबसे बड़ी उष्णकटिबंधीय पीट-भूमि है, जो जीवाश्म ईंधन से होने वाले लगभग तीन वर्ष के वैश्विक कार्बन उत्सर्जन को धारण करता है; और जिसके संभाव्य विनाश से वैश्विक जलवायु पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है । निम्नलिखित में से कौन-सा उस क्षेत्र को द्योतित करता है ?

(a) अमेज़न बेसिन
(b) कांगो बेसिन
(c) किकोरी बेसिन
(d) रियो डे ला प्लाटा बेसिन

11. Consider the following airports :

1. Donyi Polo Airport
2. Kushinagar International Airport
3. Vijayawada International Airport

In the recent past, which of the above have been constructed as Greenfield projects ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

12. With reference to "water vapour", which of the following statements is/are correct ?

1. It is a gas, the amount of which decreases with altitude.
2. Its percentage is maximum at the poles.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

13. Consider the following description :

1. Annual and daily range of temperatures is low.
2. Precipitation occurs throughout the year.
3. Precipitation varies between 50 cm – 250 cm.

What is this type of climate ?

(a) Equatorial climate
(b) China type climate
(c) Humid subtropical climate
(d) Marine West coast climate

14. With reference to "Coriolis force", which of the following statements is/are correct ?

1. It increases with increase in wind velocity.
2. It is maximum at the poles and is absent at the equator.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

15. On June 21 every year, which of the following latitude(s) experience(s) a sunlight of more than 12 hours ?

1. Equator
2. Tropic of Cancer
3. Tropic of Capricorn
4. Arctic Circle

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 3 and 4
(d) 2 and 4

16. One of the following regions has the world's largest tropical peatland, which holds about three years worth of global carbon emissions from fossil fuels; and the possible destruction of which can exert detrimental effect on the global climate. Which one of the following denotes that region ?

(a) Amazon Basin
(b) Congo Basin
(c) Kikori Basin
(d) Rio de la Plata Basin

17. कई उपभोक्ता उत्पादों के निर्माण के लिए प्रयुक्त होने वाले परफ्लुओरोऐल्किल और पॉलिफ्लुओरोऐल्किल पदार्थों (PFAS) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. PFAS पेयजल, खाद्य और खाद्य पैकेजिंग सामग्रियों में व्यापक रूप से पाए जाते हैं ।
2. PFAS पर्यावरण में आसानी से निम्नीकृत (डिग्रेडेड) नहीं होते हैं ।
3. PFAS के लगातार संपर्क के परिणामस्वरूप जंतुओं के शरीर में जैवसंचय हो सकता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

18. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. कैराबिड बीटल्स
2. कांतर (सेन्टिपीड्स)
3. मक्खियाँ
4. दीमक
5. बर्र (वास्प्स)

उपर्युक्त जीवों के कितने प्रकार में परजीव्याभ जातियाँ (पैरासीटॉइड स्पीशीज़) पाई जाती हैं ?

(a) केवल दो
(b) केवल तीन
(c) केवल चार
(d) सभी पाँच

19. निम्नलिखित पौधों पर विचार कीजिए :

1. मूँगफली
2. कुलथी (हॉर्स-ग्राम)
3. सोयाबीन

उपर्युक्त में से कितने मटर कुल (फैमिली) के हैं ?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

20. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*
इंडियन फ्लाइंग फॉक्स को वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अधीन "पीड़क जंतु" की श्रेणी में रखा गया है ।

*कथन-II :*
इंडियन फ्लाइंग फॉक्स अन्य जंतुओं का रक्त पीता है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है
(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है
(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

17. With reference to perfluoroalkyl and polyfluoroalkyl substances (PFAS) that are used in making many consumer products, consider the following statements :

1. PFAS are found to be widespread in drinking water, food and food packaging materials.
2. PFAS are not easily degraded in the environment.
3. Persistent exposure to PFAS can lead to bioaccumulation in animal bodies.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

18. Consider the following :

1. Carabid beetles
2. Centipedes
3. Flies
4. Termites
5. Wasps

Parasitoid species are found in how many of the above kind of organisms ?

(a) Only two
(b) Only three
(c) Only four
(d) All five

19. Consider the following plants :

1. Groundnut
2. Horse-gram
3. Soybean

How many of the above belong to the pea family ?

(a) Only one
(b) Only two
(c) All three
(d) None

20. Consider the following statements :

*Statement-I :*
The Indian Flying Fox is placed under the "vermin" category in the Wild Life (Protection) Act, 1972.

*Statement-II :*
The Indian Flying Fox feeds on the blood of other animals.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I
(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does ***not*** explain Statement-I
(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect
(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct

21. जीव "सिकाडा (साइकेडा), मंडूकफुदक (फ्रॉगहॉपर) और ताल-विसर्पी (पाँड स्केटर)" क्या हैं ?

(a) पक्षी

(b) मत्स्य

(c) कीट

(d) सरीसृप

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*
बाज़ार में मिलने वाली अनेक च्यूइंग गम पर्यावरणीय प्रदूषण का स्रोत मानी जाती हैं ।

*कथन-II :*
अनेक च्यूइंग गमों में गोंद (गम बेस) के रूप में प्लास्टिक होता है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

23. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *देश* | *अपने प्राकृतिक आवास में पाया जाने वाला जंतु* |
|---|---|---|
| 1. | ब्राज़ील | इंड्री |
| 2. | इंडोनेशिया | एल्क |
| 3. | मेडागास्कर | बोनोबो |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई नहीं

24. विश्व शौचालय संगठन (वर्ल्ड टॉयलेट ऑर्गनाइज़ेशन) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों में से एक है ।
2. वैश्विक स्वच्छता संकट के समाधान पर कार्रवाई हेतु प्रेरित करने के लिए विश्व शौचालय शिखर सम्मेलन, विश्व शौचालय दिवस और विश्व शौचालय कॉलेज इस संगठन की पहल हैं ।
3. इसके कार्यों का मुख्य लक्ष्य कम विकसित देशों और विकासशील देशों को खुले में शौच की समाप्ति के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निधि प्रदान करना है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 2

(b) केवल 3

(c) 1 और 2

(d) 2 और 3

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सिंह की कोई विशेष प्रजनन ऋतु नहीं होती है ।
2. अधिकांश अन्य बड़ी बिल्लियों से भिन्न, चीता दहाड़ता नहीं है ।
3. नर सिंह से भिन्न, नर तेंदुए गंध चिह्न द्वारा अपना क्षेत्र घोषित नहीं करते हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

21. The organisms "Cicada, Froghopper and Pond skater" are :

(a) Birds

(b) Fish

(c) Insects

(d) Reptiles

22. Consider the following statements :

*Statement-I :*
Many chewing gums found in the market are considered a source of environmental pollution.

*Statement-II :*
Many chewing gums contain plastic as gum base.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I

(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does ***not*** explain Statement-I

(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect

(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct

23. Consider the following pairs :

| | *Country* | *Animal found in its natural habitat* |
|---|---|---|
| 1. | Brazil | Indri |
| 2. | Indonesia | Elk |
| 3. | Madagascar | Bonobo |

How many of the pairs given above are correctly matched ?

(a) Only one

(b) Only two

(c) All three

(d) None

24. Consider the following statements regarding World Toilet Organization :

1. It is one of the agencies of the United Nations.

2. World Toilet Summit, World Toilet Day and World Toilet College are the initiatives of this organization, to inspire action to tackle the global sanitation crisis.

3. The main focus of its function is to grant funds to the least developed countries and developing countries to achieve the end of open defecation.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 2 only

(b) 3 only

(c) 1 and 2

(d) 2 and 3

25. Consider the following statements :

1. Lions do not have a particular breeding season.

2. Unlike most other big cats, cheetahs do not roar.

3. Unlike male lions, male leopards do not proclaim their territory by scent marking.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

26. निम्नलिखित में से कौन-सा "100 मिलियन किसानों" का सही विवरण है ?

(a) यह नेट-शून्य (कार्बन), प्रकृति-सकारात्मक खाद्य और जल प्रणालियों की ओर संक्रमण को तेज़ करने के लिए एक मंच है जिसका लक्ष्य किसानों की पुनरुत्थानशीलता में वृद्धि करना है ।

(b) यह जैविक पशुपालन के विकास को सहायता देने एवं सशक्त करने में इच्छुक व्यक्तियों और कृषि संगठनों का एक नेटवर्क और एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन है ।

(c) यह एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो पूरी तरह से सेवा प्रदाताओं के साथ एकीकृत है और ब्लॉक-चेन पर निर्मित है, जो क्रेताओं, विक्रेताओं और तीसरे पक्षकारों को शीघ्र और सुरक्षित रूप से उर्वरकों का व्यापार करने की सुविधा प्रदान करता है ।

(d) यह एक मंच है जिसका ध्येय किसानों को कृषक उत्पाद संगठनों अथवा कृषि-व्यवसाय संघ बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जिससे उन्हें उनके उत्पादों को बेचने के लिए वैश्विक खुले बाज़ारों में पहुँच प्राप्त करने की सुविधा मिलती है ।

27. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. बैटरी भंडारण
2. बायोमास जेनरेटर
3. ईंधन सेल
4. रूफटॉप सौर प्रकाश-वोल्टीय यूनिट

उपर्युक्त में से कितने "वितरित ऊर्जा संसाधन" माने जाते हैं ?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

28. निम्नलिखित में से कौन-सा वृक्ष, एक ऐसे कीट के साथ एक अद्वितीय संबंध को दर्शाता है जो इस वृक्ष के साथ सह-विकसित हुआ है और वह एकमात्र कीट है जो इस पेड़ को परागित कर सकता है ?

(a) अंजीर
(b) महुआ
(c) चंदन
(d) सेमल (सिल्क कॉटन)

29. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. तितली
2. मत्स्य
3. मंडूक (मेंढक)

उपर्युक्त में से कितनों में विषाक्त जातियाँ हैं ?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

30. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. काजू
2. पपीता
3. रक्त चंदन

उपर्युक्त में से कितने वृक्ष वास्तव में भारत के देशीय वृक्ष हैं ?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) सभी तीन
(d) कोई नहीं

26. Which one of the following is the correct description of "100 Million Farmers" ?

(a) It is a platform for accelerating the transition towards food and water systems that are net-zero (carbon), nature-positive and that aims to increase farmer resilience.

(b) It is an international alliance and a network of individuals and farming organisations interested in supporting and strengthening the development of the organic animal husbandry.

(c) It is a digital platform fully integrated with service providers and built on blockchain that lets buyers, sellers and third parties trade fertilizers quickly and securely.

(d) It is a platform with the mission of encouraging the farmers to form Farmer Product Organisations or Agribusiness Consortiums, thus facilitating the access to global open markets to sell their products.

27. Consider the following :

1. Battery storage
2. Biomass generators
3. Fuel cells
4. Rooftop solar photovoltaic units

How many of the above are considered "Distributed Energy Resources" ?

(a) Only one

(b) Only two

(c) Only three

(d) All four

28. Which one of the following shows a unique relationship with an insect that has coevolved with it and that is the only insect that can pollinate this tree ?

(a) Fig

(b) Mahua

(c) Sandalwood

(d) Silk cotton

29. Consider the following :

1. Butterflies
2. Fish
3. Frogs

How many of the above have poisonous species among them ?

(a) Only one

(b) Only two

(c) All three

(d) None

30. Consider the following :

1. Cashew
2. Papaya
3. Red sanders

How many of the above trees are actually native to India ?

(a) Only one

(b) Only two

(c) All three

(d) None

**31.** विकिरण समस्थानिक ताप-वैद्युत जेनरेटरों (RTGs) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. RTGs लघु विखंडन रिऐक्टर हैं ।
2. RTGs का प्रयोग अंतरिक्षयानों के ऑन-बोर्ड प्रणालियों को विद्युत आपूर्ति करने के लिए होता है ।
3. RTGs में प्लूटोनियम-238 का उपयोग किया जा सकता है, जो शस्त्र विकास का एक उपोत्पाद है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**32.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*
बृहत तारे वामन तारों की तुलना में अधिक समय तक अस्तित्व में बने रहते हैं ।

*कथन-II :*
वामन तारों की तुलना में, बृहत तारों में नाभिकीय अभिक्रियाओं की उच्चतर दर होती है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**33.** निम्नलिखित में से कौन-सा, मानव शरीर में संश्लेषित होता है जो रक्त वाहिकाओं को विस्फारित करता है और रक्त प्रवाह को बढ़ाता है ?

(a) नाइट्रिक ऑक्साइड

(b) नाइट्रस ऑक्साइड

(c) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड

(d) नाइट्रोजन पेंटऑक्साइड (पेंटॉक्साइड)

**34.** निम्नलिखित गतिविधियों पर विचार कीजिए :

1. विमानपत्तनों अथवा विमानों में यात्रियों के पास मौजूद स्वापक पदार्थों (नार्कोटिक्स) की पहचान
2. वर्षण का मॉनीटरन
3. पशुओं के प्रवास पर नज़र रखना (ट्रैकिंग)

उपर्युक्त में से कितनी गतिविधियों में रेडारों का उपयोग किया जा सकता है ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई नहीं

**35.** निम्नलिखित विमानों पर विचार कीजिए :

1. राफेल
2. MiG-29
3. तेजस MK-1

उपर्युक्त में से कितने पाँचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान माने जाते हैं ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) सभी तीन

(d) कोई नहीं

31. With reference to radioisotope thermoelectric generators (RTGs), consider the following statements :

1. RTGs are miniature fission reactors.
2. RTGs are used for powering the onboard systems of spacecrafts.
3. RTGs can use Plutonium-238, which is a by-product of weapons development.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

32. Consider the following statements :

*Statement-I :*
Giant stars live much longer than dwarf stars.

*Statement-II :*
Compared to dwarf stars, giant stars have a greater rate of nuclear reactions.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I
(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does ***not*** explain Statement-I
(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect
(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct

33. Which one of the following is synthesised in human body that dilates blood vessels and increases blood flow ?

(a) Nitric oxide
(b) Nitrous oxide
(c) Nitrogen dioxide
(d) Nitrogen pentoxide

34. Consider the following activities :

1. Identification of narcotics on passengers at airports or in aircraft
2. Monitoring of precipitation
3. Tracking the migration of animals

In how many of the above activities can the radars be used ?

(a) Only one
(b) Only two
(c) All three
(d) None

35. Consider the following aircraft :

1. Rafael
2. MiG-29
3. Tejas MK-1

How many of the above are considered fifth generation fighter aircraft ?

(a) Only one
(b) Only two
(c) All three
(d) None

36. निम्नलिखित में से किनमें हाइड्रोजेलों का प्रयोग होता है ?
1. रोगियों में नियंत्रित औषधि डिलीवरी
2. चल वातानुकूलन प्रणाली
3. औद्योगिक स्नेहकों का विरचन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

37. निम्नलिखित में से कौन-सा हाइड्रोजन द्वारा चालित फ्यूल सेल इलेक्ट्रिक वाहनों से निकलने वाला निर्वातक नली उत्सर्जन है ?
(a) हाइड्रोजन परऑक्साइड (परॉक्साइड)
(b) हाइड्रोनियम
(c) ऑक्सीजन
(d) जल-वाष्प

38. हाल ही में, "पंप्ड-स्टोरेज हाइड्रोपावर" शब्द की वास्तव में और समुचित रूप से निम्नलिखित में से किसके संदर्भ में चर्चा की गई है ?
(a) सीढ़ीदार खेतों की सिंचाई
(b) धान्य (अनाज) फ़सलों की उत्थान सिंचाई
(c) दीर्घावधि ऊर्जा भंडारण
(d) वर्षा-जल संचयन प्रणाली

39. "मेम्ब्रेन बायोरिऐक्टरों" की चर्चा प्राय: किस संदर्भ में की जाती है ?
(a) सहायताप्राप्त प्रजनन प्रौद्योगिकियाँ
(b) औषधि डिलीवरी नैनो-प्रौद्योगिकियाँ
(c) टीका (वैक्सीन) उत्पादन प्रौद्योगिकियाँ
(d) अपशिष्ट-जल शोधन प्रौद्योगिकियाँ

40. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में, "संपार्श्विकीकृत उधार लेन-देन संबंधी दायित्व" निम्नलिखित में से किसके लिखत (इंस्ट्रूमेंट) हैं ?
(a) बॉण्ड बाज़ार
(b) विदेशी मुद्रा बाज़ार
(c) मुद्रा बाज़ार
(d) शेयर (स्टॉक) बाज़ार

41. किसी अर्थव्यवस्था में कुल प्रजनन दर को किस रूप से परिभाषित किया जाता है ?
(a) एक वर्ष में जनसंख्या में प्रति 1000 व्यक्तियों पर जन्म लेने वाले बच्चों की संख्या
(b) किसी दी गई जनसंख्या में एक दंपति के जीवन-काल में उनसे जन्मे बच्चों की संख्या
(c) जन्म दर घटा मृत्यु दर
(d) एक महिला की गर्भधारण आयु (चाइल्ड-बेअरिंग एज) के अंत तक उनसे जन्मे जीवित बच्चों की औसत संख्या

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
1. भारत में, ग़ैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ भारतीय रिज़र्व बैंक की चल-निधि समायोजन सुविधा विंडो का लाभ उठा सकती हैं ।
2. भारत में, विदेशी संस्थागत निवेशक सरकारी प्रतिभूतियों (G-Secs) के धारक बन सकते हैं ।
3. भारत में, शेयर बाज़ार (स्टॉक एक्सचेंज) ऋणों के लिए पृथक् व्यापारिक मंच (ट्रेडिंग प्लेटफ़ॉर्म) प्रदान कर सकते हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) 1, 2 और 3
(d) केवल 2 और 3

36. In which of the following are hydrogels used ?

1. Controlled drug delivery in patients
2. Mobile air-conditioning systems
3. Preparation of industrial lubricants

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

37. Which one of the following is the exhaust pipe emission from Fuel Cell Electric Vehicles, powered by hydrogen ?

(a) Hydrogen peroxide
(b) Hydronium
(c) Oxygen
(d) Water vapour

38. Recently, the term "pumped-storage hydropower" is actually and appropriately discussed in the context of which one of the following ?

(a) Irrigation of terraced crop fields
(b) Lift irrigation of cereal crops
(c) Long duration energy storage
(d) Rainwater harvesting system

39. "Membrane Bioreactors" are often discussed in the context of :

(a) Assisted reproductive technologies
(b) Drug delivery nanotechnologies
(c) Vaccine production technologies
(d) Wastewater treatment technologies

40. With reference to the Indian economy, "Collateral Borrowing and Lending Obligations" are the instruments of :

(a) Bond market
(b) Forex market
(c) Money market
(d) Stock market

41. The total fertility rate in an economy is defined as :

(a) the number of children born per 1000 people in the population in a year.
(b) the number of children born to a couple in their lifetime in a given population.
(c) the birth rate minus death rate.
(d) the average number of live births a woman would have by the end of her child-bearing age.

42. Consider the following statements :

1. In India, Non-Banking Financial Companies can access the Liquidity Adjustment Facility window of the Reserve Bank of India.
2. In India, Foreign Institutional Investors can hold the Government Securities (G-Secs).
3. In India, Stock Exchanges can offer separate trading platforms for debts.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 3 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 2 and 3 only

43. भारत में, निम्नलिखित में से कौन कॉर्पोरेट बॉण्डों और सरकारी प्रतिभूतियों में व्यापार कर सकते हैं ?

1. बीमा कंपनियाँ
2. पेंशन निधि
3. खुदरा निवेशक

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

44. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

1. एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ETF)
2. मोटर वाहन
3. मुद्रा की अदला-बदली

उपर्युक्त में से किसे/किन्हें वित्तीय लिखत (इंस्ट्रूमेंट) माना जाता है ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

45. भारतीय अर्थव्यवस्था के सेक्टरों के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *आर्थिक गतिविधि* | *सेक्टर* |
|---|---|---|
| 1. | कृषि उत्पाद का भंडारण | द्वितीयक |
| 2. | डेरी फार्म | प्राथमिक |
| 3. | खनिज की खोज | तृतीयक |
| 4. | कपड़ा बुनाई | द्वितीयक |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) केवल तीन

(d) सभी चार

46. निम्नलिखित सामग्रियों पर विचार कीजिए :

1. कृषि अवशिष्ट
2. मक्का के दाने
3. अपशिष्ट-जल शोधन अवपंक
4. काष्ठ मिल अपशिष्ट

उपर्युक्त में से किसका उपयोग संधारणीय विमानन ईंधन के उत्पादन के लिए फीडस्टॉक के रूप में किया जा सकता है ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3 और 4

(c) 1, 2, 3 और 4

(d) केवल 1, 3 और 4

43. In India, which of the following can trade in Corporate Bonds and Government Securities ?

1. Insurance Companies
2. Pension Funds
3. Retail Investors

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

44. Consider the following :

1. Exchange-Traded Funds (ETF)
2. Motor vehicles
3. Currency swap

Which of the above is/are considered financial instruments ?

(a) 1 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 1 and 3 only

45. With reference to the sectors of the Indian economy, consider the following pairs :

| | *Economic activity* | *Sector* |
|---|---|---|
| 1. | Storage of agricultural produce | Secondary |
| 2. | Dairy farm | Primary |
| 3. | Mineral exploration | Tertiary |
| 4. | Weaving cloth | Secondary |

How many of the pairs given above are correctly matched ?

(a) Only one
(b) Only two
(c) Only three
(d) All four

46. Consider the following materials :

1. Agricultural residues
2. Corn grain
3. Wastewater treatment sludge
4. Wood mill waste

Which of the above can be used as feedstock for producing Sustainable Aviation Fuel ?

(a) 1 and 2 only
(b) 3 and 4 only
(c) 1, 2, 3 and 4
(d) 1, 3 and 4 only

47. भारतीय अर्थव्यवस्था में भौतिक पूँजी के संदर्भ में, निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *वस्तु* | *श्रेणी* |
|---|---|---|
| 1. | किसान का हल | कार्यशील पूँजी |
| 2. | कंप्यूटर | स्थिर पूँजी |
| 3. | बुनकर द्वारा प्रयोग किया जाने वाला सूत | स्थिर पूँजी |
| 4. | पेट्रोल | कार्यशील पूँजी |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) केवल तीन

(d) सभी चार

48. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द/वाक्यांश का उपयोग "3D आभासी (वर्चुअल) दुनिया के एक इंटरऑपरेबल नेटवर्क, जिसे ऐसे लाखों प्रयोक्ताओं द्वारा एक साथ एक्सेस किया जा सकता है, जो आभासी (वर्चुअल) वस्तुओं पर संपत्ति के अधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं" को द्योतित करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त रूप से किया जाता है ?

(a) बिग डेटा एनालिटिक्स

(b) क्रिप्टोग्राफी

(c) मेटावर्स

(d) वर्चुअल मैट्रिक्स

49. विदेशी बैंकों के साथ व्यवहार करते समय भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अधिरोपित नियम/नियमों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत में पूर्ण स्वामित्व वाले सहायक बैंकों (बैंकिंग सब्सिडरियों) के लिए कोई न्यूनतम पूँजी की आवश्यकता नहीं है ।

2. भारत में पूर्ण स्वामित्व वाले सहायक बैंकों (बैंकिंग सब्सिडरियों) के लिए, बोर्ड सदस्यों के कम-से-कम 50% भारतीय नागरिक होने चाहिए ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

50. भारत में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) नियमों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. CSR नियम विनिर्दिष्ट करते हैं कि सीधे कंपनी अथवा इसके कर्मचारियों को लाभ पहुँचाने वाले व्यय को CSR कार्यकलापों के रूप में नहीं माना जाएगा ।

2. CSR नियम CSR कार्यकलापों पर होने वाले न्यूनतम व्यय को विनिर्दिष्ट नहीं करते हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**47.** With reference to physical capital in Indian economy, consider the following pairs :

| | *Items* | *Category* |
|---|---|---|
| 1. | Farmer's plough | Working capital |
| 2. | Computer | Fixed capital |
| 3. | Yarn used by the weaver | Fixed capital |
| 4. | Petrol | Working capital |

How many of the above pairs are correctly matched ?

(a) Only one

(b) Only two

(c) Only three

(d) All four

**48.** Which one of the following words/phrases is most appropriately used to denote "an interoperable network of 3D virtual worlds that can be accessed simultaneously by millions of users, who can exert property rights over virtual items" ?

(a) Big data analytics

(b) Cryptography

(c) Metaverse

(d) Virtual matrix

**49.** With reference to the rule/rules imposed by the Reserve Bank of India while treating foreign banks, consider the following statements :

1. There is no minimum capital requirement for wholly owned banking subsidiaries in India.
2. For wholly owned banking subsidiaries in India, at least 50% of the board members should be Indian nationals.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**50.** With reference to Corporate Social Responsibility (CSR) rules in India, consider the following statements :

1. CSR rules specify that expenditures that benefit the company directly or its employees will not be considered as CSR activities.
2. CSR rules do not specify minimum spending on CSR activities.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*

यदि संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) अपने ऋण पर चूक करता है, तो US ट्रेजरी बॉण्डों के धारक भुगतान प्राप्त करने के लिए अपने दावों का प्रयोग नहीं कर पाएँगे ।

*कथन-II :*

USA सरकार का ऋण कोई मूर्त (हार्ड) परिसंपत्तियों द्वारा समर्थित नहीं है, बल्कि केवल सरकार के विश्वास से समर्थित है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

52. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*

सामूहिक उधार बहु उधारदाताओं के मध्य उधारकर्ता के चूक (डिफ़ाल्ट) का जोखिम बढ़ाता है ।

*कथन-II :*

सामूहिक ऋण एक नियत राशि/एकमुश्त निधि हो सकती है, किंतु ऋण व्यवस्था (क्रेडिट लाइन) नहीं हो सकती ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है

(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है

(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

53. डिजिटल रुपए के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा अपनी मौद्रिक नीति के अनुरूप जारी की गई राष्ट्रिक (सॉवरेन) मुद्रा है ।
2. यह RBI के तुलन-पत्र (बैलेंस शीट) पर देयता के रूप में दिखाई देता है ।
3. यह अपने डिज़ाइन से ही मुद्रास्फीति के विरुद्ध बीमाकृत है ।
4. यह वाणिज्यिक बैंक मुद्रा और नकदी के लिए स्वतंत्र रूप से परिवर्तनीय है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 4

(d) 1, 2 और 4

54. प्राचीन भारत के संदर्भ में, गौतम बुद्ध को सामान्यतः निम्नलिखित में से किन उपनामों से जाना जाता था ?

1. नायपुत्त
2. शाक्यमुनि
3. तथागत

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) उपर्युक्त में से कोई भी गौतम बुद्ध के उपनाम नहीं हैं

51. Consider the following statements :

*Statement-I :*
If the United States of America (USA) were to default on its debt, holders of US Treasury Bonds will not be able to exercise their claims to receive payment.

*Statement-II :*
The USA Government debt is not backed by any hard assets, but only by the faith of the Government.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I

(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does ***not*** explain Statement-I

(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect

(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct

52. Consider the following statements :

*Statement-I :*
Syndicated lending spreads the risk of borrower default across multiple lenders.

*Statement-II :*
The syndicated loan can be a fixed amount/lump sum of funds, but cannot be a credit line.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I

(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does ***not*** explain Statement-I

(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect

(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct

53. Consider the following statements in respect of the digital rupee :

1. It is a sovereign currency issued by the Reserve Bank of India (RBI) in alignment with its monetary policy.
2. It appears as a liability on the RBI's balance sheet.
3. It is insured against inflation by its very design.
4. It is freely convertible against commercial bank money and cash.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 4 only

(d) 1, 2 and 4

54. With reference to ancient India, Gautama Buddha was generally known by which of the following epithets ?

1. Nayaputta
2. Shakyamuni
3. Tathagata

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1, 2 and 3

(d) None of the above are epithets of Gautama Buddha

55. निम्नलिखित सूचना पर विचार कीजिए :

| | *पुरातात्विक स्थल* | *राज्य* | *विवरण* |
|---|---|---|---|
| 1. | चंद्रकेतुगढ़ | ओडिशा | व्यापार बंदरगाह शहर |
| 2. | इनामगाँव | महाराष्ट्र | ताम्र-पाषाण स्थल |
| 3. | मंगडु | केरल | महापाषाण स्थल |
| 4. | सालिहुंडम | आंध्र प्रदेश | शैलकृत गुफा मंदिर |

उपर्युक्त में से कौन-सी पंक्तियों में दी गई सूचना सही सुमेलित है ?

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) 3 और 4

(d) 1 और 4

56. मध्यकालीन भारत के निम्नलिखित शासकों में से किसने पुर्तगालियों को भटकल में एक किला बनाने की अनुमति दी थी ?

(a) कृष्णदेवराय

(b) नरसिम्हा सालुव

(c) मुहम्मद शाह III

(d) यूसुफ आदिल शाह

57. कॉर्नवालिस द्वारा राजस्व संग्रहण के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राजस्व संग्रहण के रैयतवाड़ी बंदोबस्त के अधीन, किसानों को फ़सल खराब होने या प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में राजस्व भुगतान से छूट दी गई थी ।

2. बंगाल स्थायी बंदोबस्त के अधीन, यदि जमींदार नियत तिथि पर या उससे पहले राज्य को राजस्व का भुगतान करने में विफल रहता, तो उसे उसकी जमींदारी से हटा दिया जाता ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उपनिषदों में कोई नीति-कथा (पैरेबॅल) नहीं हैं ।

2. उपनिषदों की रचना पुराणों से भी पहले हुई थी ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**55.** Consider the following information :

| | *Archaeological Site* | *State* | *Description* |
|---|---|---|---|
| 1. | Chandraketugarh | Odisha | Trading Port town |
| 2. | Inamgaon | Maharashtra | Chalcolithic site |
| 3. | Mangadu | Kerala | Megalithic site |
| 4. | Salihundam | Andhra Pradesh | Rock-cut cave shrines |

In which of the above rows is the given information correctly matched ?

(a) 1 and 2

(b) 2 and 3

(c) 3 and 4

(d) 1 and 4

**56.** Who of the following rulers of medieval India gave permission to the Portuguese to build a fort at Bhatkal ?

(a) Krishnadevaraya

(b) Narasimha Saluva

(c) Muhammad Shah III

(d) Yusuf Adil Shah

**57.** With reference to revenue collection by Cornwallis, consider the following statements :

1. Under the Ryotwari Settlement of revenue collection, the peasants were exempted from revenue payment in case of bad harvests or natural calamities.

2. Under the Permanent Settlement in Bengal, if the Zamindar failed to pay his revenues to the state, on or before the fixed date, he would be removed from his Zamindari.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**58.** Consider the following statements :

1. There are no parables in Upanishads.

2. Upanishads were composed earlier than the Puranas.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत इंटरनेशनल ग्रेन्स काउन्सिल का सदस्य है ।
2. चावल और गेहूँ के निर्यात या आयात के लिए किसी देश को इंटरनेशनल ग्रेन्स काउन्सिल का सदस्य होना आवश्यक है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

60. यूनेस्को (UNESCO) की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में निम्नलिखित में से कौन-सा नवीनतम समावेश था ?

(a) छऊ (छाऊ) नृत्य

(b) दुर्गा पूजा

(c) गरबा नृत्य

(d) कुंभ मेला

61. डॉ. राजेंद्र प्रसाद के कार्यभार संभालने से पहले संविधान सभा के अस्थायी सभापति कौन थे ?

(a) सी. राजगोपालाचारी

(b) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर

(c) टी.टी. कृष्णमाचारी

(d) डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा

62. भारत सरकार अधिनियम, 1935 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसमें ब्रिटिश भारतीय प्रांतों और देशी रियासतों को मिलाकर एक अखिल भारतीय परिसंघ (फेडरेशन) की स्थापना का प्रावधान किया गया ।
2. रक्षा और विदेश संबंधी मामलों को परिसंघीय विधानमंडल के नियंत्रण के अधीन रखा गया ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

63. निम्नलिखित में से कौन-सी नाटककार भास की रचना है ?

(a) *काव्यालंकार*

(b) *नाट्यशास्त्र*

(c) *मध्यम-व्यायोगः*

(d) *महाभाष्य*

64. संघभूति, एक भारतीय बौद्ध भिक्षु, जिन्होंने चौथी शताब्दी ईसवी के अंत में चीन की यात्रा की, निम्नलिखित में से किस पर भाष्य के लेखक थे ?

(a) *प्रज्ञापारामिता सूत्र*

(b) *विसुद्धिमग्गो*

(c) *सर्वास्तिवाद विनय*

(d) *ललितविस्तर*

**59.** Consider the following statements :

1. India is a member of the International Grains Council.

2. A country needs to be a member of the International Grains Council for exporting or importing rice and wheat.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**60.** Which one of the following was the latest inclusion in the Intangible Cultural Heritage List of UNESCO ?

(a) Chhau dance

(b) Durga puja

(c) Garba dance

(d) Kumbh mela

**61.** Who was the Provisional President of the Constituent Assembly before Dr. Rajendra Prasad took over ?

(a) C. Rajagopalachari

(b) Dr. B.R. Ambedkar

(c) T.T. Krishnamachari

(d) Dr. Sachchidananda Sinha

**62.** With reference to the Government of India Act, 1935, consider the following statements :

1. It provided for the establishment of an All India Federation based on the union of the British Indian Provinces and Princely States.

2. Defence and Foreign Affairs were kept under the control of the federal legislature.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**63.** Which one of the following is a work attributed to playwright Bhasa ?

(a) *Kavyalankara*

(b) *Natyashastra*

(c) *Madhyama-vyayoga*

(d) *Mahabhashya*

**64.** Sanghabhuti, an Indian Buddhist monk, who travelled to China at the end of the fourth century AD, was the author of a commentary on :

(a) *Prajnaparamita Sutra*

(b) *Visuddhimagga*

(c) *Sarvastivada Vinaya*

(d) *Lalitavistara*

65. यूनेस्को (UNESCO) द्वारा जारी विश्व धरोहर सूची में शामिल की गई निम्नलिखित संपत्तियों पर विचार कीजिए :

1. शांतिनिकेतन
2. रानी-की-वाव
3. होयसला के पवित्र मंदिर समूह
4. बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर परिसर

उपर्युक्त में से कितनी संपत्तियों को वर्ष 2023 में शामिल किया गया ?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

66. भारत के संविधान के अनुच्छेद 368 के अनुसार, संसद निम्नलिखित में से किनके द्वारा संविधान के किसी उपबंध में संशोधन कर सकेगी ?

1. परिवर्धन
2. परिवर्तन
3. निरसन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

67. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिए :

1. इटली
2. जापान
3. नाइजीरिया
4. दक्षिण कोरिया
5. दक्षिण अफ्रीका

उपर्युक्त में से किन देशों का उल्लेख प्राय: मीडिया में उनकी निम्न जन्म दर, अथवा वृद्धोन्मुख जनसंख्या अथवा ह्रासमान जनसंख्या के लिए किया जाता है ?

(a) 1, 2 और 4
(b) 1, 3 और 5
(c) केवल 2 और 4
(d) केवल 3 और 5

68. संसद में धन विधेयक के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं ?

1. अनुच्छेद 109 में धन विधेयक के संबंध में विशेष प्रक्रिया का उल्लेख है ।
2. धन विधेयक राज्य सभा में पुर:स्थापित नहीं किया जाएगा ।
3. राज्य सभा या तो विधेयक को अनुमोदन दे सकती है या परिवर्तन के लिए सुझाव दे सकती है किंतु इसे अस्वीकार नहीं कर सकती ।
4. राज्य सभा द्वारा धन विधेयक में सुझाए गए संशोधन को लोक सभा द्वारा स्वीकार करना होगा ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3
(d) 1, 3 और 4

65. Consider the following properties included in the World Heritage List released by UNESCO :

1. Shantiniketan
2. Rani-ki-Vav
3. Sacred Ensembles of the Hoysalas
4. Mahabodhi Temple Complex at Bodhgaya

How many of the above properties were included in 2023 ?

(a) Only one
(b) Only two
(c) Only three
(d) All four

66. As per Article 368 of the Constitution of India, the Parliament may amend any provision of the Constitution by way of :

1. Addition
2. Variation
3. Repeal

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

67. Consider the following countries :

1. Italy
2. Japan
3. Nigeria
4. South Korea
5. South Africa

Which of the above countries are frequently mentioned in the media for their low birth rates, or ageing population or declining population ?

(a) 1, 2 and 4
(b) 1, 3 and 5
(c) 2 and 4 only
(d) 3 and 5 only

68. Which of the following statements are correct in respect of a Money Bill in the Parliament ?

1. Article 109 mentions special procedure in respect of Money Bills.
2. A Money Bill shall not be introduced in the Council of States.
3. The Rajya Sabha can either approve the Bill or suggest changes but cannot reject it.
4. Amendments to a Money Bill suggested by the Rajya Sabha have to be accepted by the Lok Sabha.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 1, 3 and 4

**69.** निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से, भारतीय सशस्त्र सेना की तीनों सेवाओं में समकक्ष रैंक के संदर्भ में सही सुमेलित है/हैं ?

| | *थलसेना* | *वायुसेना* | *नौसेना* |
|---|---|---|---|
| 1. | ब्रिगेडियर | एयर कमोडोर | कमांडर |
| 2. | मेजर जनरल | एयर वाइस मार्शल | वाइस एडमिरल |
| 3. | मेजर | स्क्वाड्रन लीडर | लेफ्टिनेंट कमांडर |
| 4. | लेफ्टिनेंट कर्नल | ग्रुप कैप्टन | कैप्टन |

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 4

(b) 1 और 3

(c) 2, 3 और 4

(d) केवल 3

**70.** पूर्वोत्तर परिषद् (NEC) की स्थापना पूर्वोत्तर परिषद् अधिनियम, 1971 द्वारा की गई थी। वर्ष 2002 में NEC अधिनियम में संशोधन के बाद, परिषद् में निम्नलिखित में से किन-किन सदस्यों को शामिल किया गया है ?

1. संघटक राज्य का राज्यपाल
2. संघटक राज्य का मुख्य मंत्री
3. भारत के राष्ट्रपति द्वारा नामनिर्दिष्ट तीन सदस्य
4. भारत का गृह मंत्री

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 3

(b) केवल 1, 3 और 4

(c) केवल 2 और 4

(d) 1, 2, 3 और 4

**71.** दिसम्बर 2023 तक भारत सरकार द्वारा कितने परिसीमन आयोग गठित किए गए हैं ?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) चार

**72.** संविधान (71वें संशोधन) अधिनियम, 1992 के द्वारा निम्नलिखित में से किस भाषा को शामिल करने के लिए संविधान की आठवीं अनुसूची में संशोधन किया गया है ?

1. कोंकणी
2. मणिपुरी
3. नेपाली
4. मैथिली

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) 1, 2 और 4

(c) 1, 3 और 4

(d) 2, 3 और 4

**73.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *दल* | *उसके नेता* |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय जन संघ | डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी |
| 2. | सोशलिस्ट पार्टी | सी. राजगोपालाचारी |
| 3. | कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी | जगजीवन राम |
| 4. | स्वतंत्र पार्टी | आचार्य नरेंद्र देव |

उपर्युक्त में से कितने सही सुमेलित हैं ?

(a) केवल एक

(b) केवल दो

(c) केवल तीन

(d) सभी चार

69. Which of the following is/are correctly matched in terms of equivalent rank in the three services of Indian Defence forces ?

| | *Army* | *Airforce* | *Navy* |
|---|---|---|---|
| 1. | Brigadier | Air Commodore | Commander |
| 2. | Major General | Air Vice Marshal | Vice Admiral |
| 3. | Major | Squadron Leader | Lieutenant Commander |
| 4. | Lieutenant Colonel | Group Captain | Captain |

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 4

(b) 1 and 3

(c) 2, 3 and 4

(d) 3 only

70. The North Eastern Council (NEC) was established by the North Eastern Council Act, 1971. Subsequent to the amendment of NEC Act in 2002, the Council comprises which of the following members ?

1. Governor of the Constituent State
2. Chief Minister of the Constituent State
3. Three Members to be nominated by the President of India
4. The Home Minister of India

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3 only

(b) 1, 3 and 4 only

(c) 2 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

71. How many Delimitation Commissions have been constituted by the Government of India till December 2023 ?

(a) One

(b) Two

(c) Three

(d) Four

72. The Constitution ($71^{st}$ Amendment) Act, 1992 amends the Eighth Schedule to the Constitution to include which of the following languages ?

1. Konkani
2. Manipuri
3. Nepali
4. Maithili

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1, 2 and 4

(c) 1, 3 and 4

(d) 2, 3 and 4

73. Consider the following pairs :

| | *Party* | *Its Leader* |
|---|---|---|
| 1. | Bharatiya Jana Sangh | Dr. Shyama Prasad Mukherjee |
| 2. | Socialist Party | C. Rajagopalachari |
| 3. | Congress for Democracy | Jagjivan Ram |
| 4. | Swatantra Party | Acharya Narendra Dev |

How many of the above are correctly matched ?

(a) Only one

(b) Only two

(c) Only three

(d) All four

74. भारत के संविधान के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं ?

1. नगरपालिकाओं की शक्तियाँ संविधान के भाग 9-क में दी गईं हैं ।
2. आपात उपबंध संविधान के भाग 18 में दिए गए हैं ।
3. संविधान के संशोधन से संबंधित उपबंध संविधान के भाग 20 में दिए गए हैं ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

75. भारत के संविधान के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) अंतरराज्यीय व्यापार और वाणिज्य राज्य सूची के अधीन एक राज्य विषय है ।
(b) अंतरराज्यीय प्रवासन राज्य सूची के अधीन एक राज्य विषय है ।
(c) अंतरराज्यीय संगरोध संघ सूची के अधीन एक संघ विषय है ।
(d) निगम कर राज्य सूची के अधीन एक राज्य विषय है ।

76. भारत के उच्चतम न्यायालय ने निजता के अधिकार को भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अंतर्गत रखा है ?

(a) अनुच्छेद 15
(b) अनुच्छेद 16
(c) अनुच्छेद 19
(d) अनुच्छेद 21

77. सैन्य कार्य विभाग के प्रमुख के रूप में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) के कर्तव्य कौन-से हैं ?

1. चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के स्थायी अध्यक्ष
2. तीनों सेवा प्रधानों (सर्विस चीफ) पर सैन्य कमान का प्रयोग करना
3. सभी तीनों सेवाओं (ट्राइ-सर्विस) के विषयों पर रक्षा मंत्री के प्रधान सैन्य सलाहकार

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 1 और 3

78. मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने सहित दूरस्थ क्षेत्रों में स्थानीय जन-समुदाय के उत्थान के लिए सेना द्वारा संचालित अभियान (ऑपरेशन) को क्या कहा जाता है ?

(a) ऑपरेशन संकल्प
(b) ऑपरेशन मैत्री
(c) ऑपरेशन सद्भावना
(d) ऑपरेशन मदद

74. Which of the following statements are correct about the Constitution of India ?

1. Powers of the Municipalities are given in Part IX A of the Constitution.
2. Emergency provisions are given in Part XVIII of the Constitution.
3. Provisions related to the amendment of the Constitution are given in Part XX of the Constitution.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

75. Which one of the following statements is correct as per the Constitution of India ?

(a) Inter-State trade and commerce is a State subject under the State List.
(b) Inter-State migration is a State subject under the State List.
(c) Inter-State quarantine is a Union subject under the Union List.
(d) Corporation tax is a State subject under the State List.

76. Under which of the following Articles of the Constitution of India, has the Supreme Court of India placed the Right to Privacy ?

(a) Article 15
(b) Article 16
(c) Article 19
(d) Article 21

77. What are the duties of the Chief of Defence Staff (CDS) as Head of the Department of Military Affairs ?

1. Permanent Chairman of Chiefs of Staff Committee
2. Exercise military command over the three Service Chiefs
3. Principal Military Advisor to Defence Minister on all tri-service matters

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1 and 3 only

78. Operations undertaken by the Army towards upliftment of the local population in remote areas to include addressing of their basic needs is called :

(a) Operation Sankalp
(b) Operation Maitri
(c) Operation Sadbhavana
(d) Operation Madad

**79.** विश्व में किन्हीं दो देशों के मध्य सबसे लंबी सीमा निम्नलिखित में से किनके मध्य है ?

(a) कनाडा और संयुक्त राज्य अमेरिका

(b) चिली और अर्जेंटीना

(c) चीन और भारत

(d) कज़ाख़स्तान और रशियन फेडरेशन

**80.** लोक सभा में आचार समिति के संबंध में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं ?

1. प्रारंभ में यह एक तदर्थ समिति थी ।
2. केवल कोई लोक सभा का सदस्य ही किसी लोक सभा सदस्य के अनैतिक आचरण से संबंधित शिकायत कर सकता है ।
3. यह समिति किसी ऐसे मामले पर विचार नहीं कर सकती जो न्यायाधीन है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

**81.** 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. ये उपबंध 18वीं लोक सभा से प्रभावी होंगे ।
2. अधिनियम बनने के बाद यह 15 वर्षों के लिए प्रवर्तन में रहेगा ।
3. इसमें अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित कोटे के भीतर अनुसूचित जातियों की महिलाओं के लिए स्थानों के आरक्षण के उपबंध हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) केवल 1 और 3

**82.** 'अभ्यास मित्र शक्ति-2023' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

1. यह भारत और बांग्लादेश के मध्य संयुक्त सैन्य अभ्यास था ।
2. इसका प्रारंभ औंध (पुणे) में हुआ ।
3. आतंकवाद-विरोधी अभियानों के दौरान संयुक्त प्रतिक्रिया इस अभियान का एक लक्ष्य था ।
4. भारतीय वायुसेना इस अभ्यास का एक हिस्सा थी ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) 1, 2 और 4

(c) 1, 3 और 4

(d) 2, 3 और 4

79. The longest border between any two countries in the world is between :

(a) Canada and the United States of America

(b) Chile and Argentina

(c) China and India

(d) Kazakhstan and Russian Federation

80. Which of the following statements about the Ethics Committee in the Lok Sabha are correct ?

1. Initially it was an *ad-hoc* Committee.

2. Only a Member of the Lok Sabha can make a complaint relating to unethical conduct of a member of the Lok Sabha.

3. This Committee cannot take up any matter which is sub-judice.

Select the answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

81. Consider the following statements regarding 'Nari Shakti Vandan Adhiniyam' :

1. Provisions will come into effect from the $18^{th}$ Lok Sabha.

2. This will be in force for 15 years after becoming an Act.

3. There are provisions for the reservation of seats for Scheduled Castes Women within the quota reserved for the Scheduled Castes.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1, 2 and 3

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1 and 3 only

82. Which of the following statements about 'Exercise Mitra Shakti-2023' are correct ?

1. This was a joint military exercise between India and Bangladesh.

2. It commenced in Aundh (Pune).

3. Joint response during counter-terrorism operations was a goal of this operation.

4. Indian Air Force was a part of this exercise.

Select the answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3

(b) 1, 2 and 4

(c) 1, 3 and 4

(d) 2, 3 and 4

**83.** प्रतिषेध रिट उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालयों द्वारा किसे और किस प्रयोजन से जारी किया गया एक आदेश है ?

(a) किसी सरकारी अधिकारी को, उसे किसी विशिष्ट कार्रवाई करने से प्रतिषेध करने के लिए

(b) संसद/विधान सभा को, मद्यनिषेध पर कोई विधि पारित करने के लिए

(c) निचली अदालत को, किसी मामले में कार्यवाही जारी रखने का प्रतिषेध करने के लिए

(d) सरकार को, उसे किसी असंवैधानिक नीति का अनुपालन करने से प्रतिषेध करने के लिए

**84.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वह राज्य का राज्यपाल है जो उस राज्य के किसी समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता देता है और घोषित करता है ।

2. किसी राज्य में अनुसूचित जनजाति के रूप में घोषित किसी समुदाय के लिए यह आवश्यक नहीं है कि दूसरे राज्य में भी ऐसा हो ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**85.** केंद्रीय बजट (यूनियन बजट) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रधानमंत्री की ओर से केंद्रीय वित्त मंत्री संसद के दोनों सदनों के समक्ष वार्षिक वित्तीय विवरण रखते हैं ।

2. केंद्रीय (यूनियन) स्तर पर, भारत के राष्ट्रपति की अनुशंसा के बिना अनुदानों की माँग नहीं की जा सकती ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

**86.** निम्नलिखित में से कौन *"द इंडिया वे (The India Way)"* और *"व्हाई भारत मैटर्स (Why Bharat Matters)"* पुस्तकों के लेखक हैं ?

(a) भूपेंद्र यादव

(b) नलिन मेहता

(c) शशि थरूर

(d) सुब्रह्मण्यम जयशंकर

**87.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | *देश* | *समाचार में रहने का कारण* |
|---|---|---|
| 1. | अर्जेंटीना | सबसे खराब आर्थिक संकट |
| 2. | सूडान | देश की नियमित सेना और अर्धसैनिक बलों के मध्य युद्ध |
| 3. | तुर्की | NATO की अपनी सदस्यता निरस्त कर दी |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?

(a) केवल एक युग्म

(b) केवल दो युग्म

(c) सभी तीन युग्म

(d) कोई युग्म नहीं

83. A Writ of Prohibition is an order issued by the Supreme Court or High Courts to :

(a) a government officer prohibiting him from taking a particular action.

(b) the Parliament/Legislative Assembly to pass a law on Prohibition.

(c) the lower court prohibiting continuation of proceedings in a case.

(d) the Government prohibiting it from following an unconstitutional policy.

84. Consider the following statements :

1. It is the Governor of the State who recognizes and declares any community of that State as a Scheduled Tribe.

2. A community declared as a Scheduled Tribe in a State need not be so in another State.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

85. With reference to Union Budget, consider the following statements :

1. The Union Finance Minister on behalf of the Prime Minister lays the Annual Financial Statement before both the Houses of Parliament.

2. At the Union level, no demand for a grant can be made except on the recommendation of the President of India.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

86. Who of the following is the author of the books *"The India Way"* and *"Why Bharat Matters"* ?

(a) Bhupender Yadav

(b) Nalin Mehta

(c) Shashi Tharoor

(d) Subrahmanyam Jaishankar

87. Consider the following pairs :

| | *Country* | *Reason for being in the news* |
|---|---|---|
| 1. | Argentina | Worst economic crisis |
| 2. | Sudan | War between the country's regular army and paramilitary forces |
| 3. | Turkey | Rescinded its membership of NATO |

How many of the pairs given above are correctly matched ?

(a) Only one pair

(b) Only two pairs

(c) All three pairs

(d) None of the pairs

88. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*
सुमेड पाइपलाइन यूरोप को जाने वाले फारस की खाड़ी के तेल और प्राकृतिक गैस नौभार (शिपमेंट) के लिए एक रणनीतिक मार्ग है ।

*कथन-II :*
सुमेड पाइपलाइन लाल सागर को भूमध्य सागर से जोड़ती है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है
(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है
(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

89. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. लाल सागर में किसी भी रूप में बहुत कम वर्षण होता है ।
2. लाल सागर में नदियों से जल का प्रवेश नहीं होता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

90. पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (EPA) के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा, सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जनों का सबसे बड़ा स्रोत है ?

(a) जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करने वाले रेल इंजन (लोकोमोटिव)
(b) जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करने वाले जहाज
(c) अयस्कों से धातुओं का निष्कर्षण
(d) जीवाश्म ईंधनों का उपयोग करने वाले विद्युत संयंत्र

91. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*
साहेल क्षेत्र में अस्थिरता और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति विद्यमान है ।

*कथन-II :*
हाल ही में साहेल क्षेत्र के कई देशों में सैन्य कब्ज़ा/तख्तापलट हुआ है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है
(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है
(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

92. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*
भारत संयुक्त राज्य अमेरिका से सेब आयात नहीं करता है ।

*कथन-II :*
भारत में, विधि के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के बिना आनुवंशिक रूप से रूपांतरित खाद्य (फूड) के आयात पर प्रतिषेध है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है
(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है
(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

88. Consider the following statements :

*Statement-I :*
Sumed pipeline is a strategic route for Persian Gulf oil and natural gas shipments to Europe.

*Statement-II :*
Sumed pipeline connects the Red Sea with the Mediterranean Sea.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I

(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does ***not*** explain Statement-I

(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect

(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct

89. Consider the following statements :

1. The Red Sea receives very little precipitation in any form.
2. No water enters the Red Sea from rivers.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

90. According to the Environmental Protection Agency (EPA), which one of the following is the largest source of sulphur dioxide emissions ?

(a) Locomotives using fossil fuels

(b) Ships using fossil fuels

(c) Extraction of metals from ores

(d) Power plants using fossil fuels

91. Consider the following statements :

*Statement-I :*
There is instability and worsening security situation in the Sahel region.

*Statement-II :*
There have been military takeovers/coups d'état in several countries of the Sahel region in the recent past.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I

(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does ***not*** explain Statement-I

(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect

(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct

92. Consider the following statements :

*Statement-I :*
India does not import apples from the United States of America.

*Statement-II :*
In India, the law prohibits the import of Genetically Modified food without the approval of the competent authority.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I

(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does ***not*** explain Statement-I

(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect

(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct

93. लोक सभा के अध्यक्ष के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

जब लोक सभा के अध्यक्ष को हटाने का कोई संकल्प विचाराधीन है, तब

1. वह पीठासीन नहीं होगा/होगी ।
2. उसे बोलने का अधिकार नहीं होगा ।
3. वह संकल्प पर प्रथमतः मत देने का/की हक़दार नहीं होगा/होगी ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

94. भारतीय संसद के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. लोक सभा में लंबित कोई विधेयक उसके विघटन हो जाने पर व्यपगत हो जाता है ।
2. लोक सभा द्वारा पारित और राज्य सभा में लंबित कोई विधेयक लोक सभा के विघटन हो जाने पर व्यपगत हो जाता है ।
3. कोई विधेयक, जिसके संबंध में भारत के राष्ट्रपति ने सदनों की संयुक्त बैठक आहूत करने के अपने आशय की सूचना दे दी है, लोक सभा का विघटन हो जाने पर व्यपगत हो जाता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) 1 और 2
(c) 2 और 3
(d) केवल 3

95. भारत के संसद के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के राष्ट्रपति द्वारा किसी सदन के सत्रावसान के लिए मंत्रि-परिषद् के परामर्श की आवश्यकता नहीं है ।
2. सदन का सत्रावसान सामान्यतः सदन के अनिश्चित काल के लिए स्थगित होने के पश्चात् किया जाता है, किंतु भारत के राष्ट्रपति द्वारा उस सदन का सत्रावसान करने पर कोई वर्जन नहीं है जो सत्र में है ।
3. लोक सभा का विघटन भारत के राष्ट्रपति द्वारा, असाधारण परिस्थितियों को छोड़कर, मंत्रि-परिषद् के परामर्श से किया जाता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) 1 और 2
(c) 2 और 3
(d) केवल 3

96. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*
हाल ही में, यूरोपीय संसद ने द नेट-ज़ीरो इंडस्ट्री ऐक्ट को मंजूरी दी ।

*कथन-II :*
यूरोपीय संघ वर्ष 2040 तक कार्बन तटस्थता (न्यूट्रालिटी) प्राप्त करने का आशय रखता है और इसलिए उसका लक्ष्य उस समय तक अपनी सभी स्वच्छ प्रौद्योगिकी विकसित करना है ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है
(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है
(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

**93.** With reference to the Speaker of the Lok Sabha, consider the following statements :

While any resolution for the removal of the Speaker of the Lok Sabha is under consideration

1. He/She shall not preside.
2. He/She shall not have the right to speak.
3. He/She shall not be entitled to vote on the resolution in the first instance.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 1 and 2 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**94.** With reference to the Indian Parliament, consider the following statements :

1. A bill pending in the Lok Sabha lapses on its dissolution.
2. A bill passed by the Lok Sabha and pending in the Rajya Sabha lapses on the dissolution of the Lok Sabha.
3. A bill in regard to which the President of India notified his/her intention to summon the Houses to a joint sitting lapses on the dissolution of the Lok Sabha.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 1 and 2

(c) 2 and 3

(d) 3 only

**95.** With reference to the Parliament of India, consider the following statements :

1. Prorogation of a House by the President of India does not require the advice of the Council of Ministers.
2. Prorogation of a House is generally done after the House is adjourned *sine die* but there is no bar to the President of India prorogating the House which is in session.
3. Dissolution of the Lok Sabha is done by the President of India who, save in exceptional circumstances, does so on the advice of the Council of Ministers.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 1 and 2

(c) 2 and 3

(d) 3 only

**96.** Consider the following statements :

*Statement-I :*
The European Parliament approved The Net-Zero Industry Act recently.

*Statement-II :*
The European Union intends to achieve carbon neutrality by 2040 and therefore aims to develop all of its own clean technology by that time.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I

(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does ***not*** explain Statement-I

(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect

(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct

97. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

*कथन-I :*
हाल ही में, वेनेज़ुएला अपने आर्थिक संकट से तेज़ी से उबरने में सफल हुआ है और अपने लोगों को दूसरे देशों में पलायन/प्रवास करने से रोकने में सफल हुआ है ।

*कथन-II :*
वेनेज़ुएला के पास विश्व के सबसे बड़े तेल भंडार हैं ।

उपर्युक्त कथनों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II, कथन-I की व्याख्या ***नहीं*** करता है
(c) कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है
(d) कथन-I सही नहीं है, किंतु कथन-II सही है

98. डिजिटल इण्डिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इस योजना को कार्यान्वित करने के लिए, केंद्र सरकार 100% वित्त-पोषण करती है ।
2. इस योजना के अंतर्गत, भूसंपत्ति (कैडस्ट्रल) मानचित्र डिजिटलीकृत किए जाते हैं ।
3. स्थानीय भाषा में उपलब्ध अधिकार-अभिलेखों को भारत के संविधान द्वारा मान्यता-प्राप्त किसी भी भाषा में लिप्यंतरित करने की पहल की गई है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

99. 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह योजना किसी भी सरकारी स्वास्थ्य सुविधा केंद्र में गर्भावस्था की दूसरी और तीसरी तिमाही में महिलाओं को प्रसवपूर्व चिकित्सा देखभाल सेवाओं के लिए न्यूनतम पैकेज और प्रसवोत्तर छह महीने की स्वास्थ्य चिकित्सा देखभाल सेवा की गारंटी प्रदान करती है ।
2. इस योजना के अंतर्गत, कुछ विशिष्टताओं वाले निजी क्षेत्र के स्वास्थ्य देखभाल सेवा प्रदाता स्वेच्छा से नज़दीकी सरकारी स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में सेवाएँ प्रदान कर सकते हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

100. प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन (PM-SYM) योजना के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इस योजना में नामांकन के लिए प्रवेश आयु वर्ग 21 से 40 वर्ष है ।
2. लाभार्थी द्वारा आयु विशिष्ट अंशदान किया जाएगा ।
3. इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक ग्राहक (सब्स्क्राइबर) को 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद ₹ 3,000 प्रति माह की न्यूनतम पेंशन प्राप्त होगी ।
4. पारिवारिक पेंशन पति/पत्नी और अविवाहित पुत्रियों पर लागू होगी ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं ?

(a) 1, 3 और 4
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 2
(d) 1, 2 और 4

**97.** Consider the following statements :

*Statement-I :*
Recently, Venezuela has achieved a rapid recovery from its economic crisis and succeeded in preventing its people from fleeing/emigrating to other countries.

*Statement-II :*
Venezuela has the world's largest oil reserves.

Which one of the following is correct in respect of the above statements ?

(a) Both Statement-I and Statement-II are correct and Statement-II explains Statement-I

(b) Both Statement-I and Statement-II are correct, but Statement-II does ***not*** explain Statement-I

(c) Statement-I is correct, but Statement-II is incorrect

(d) Statement-I is incorrect, but Statement-II is correct

**98.** With reference to the Digital India Land Records Modernisation Programme, consider the following statements :

1. To implement the scheme, the Central Government provides 100% funding.
2. Under the Scheme, Cadastral Maps are digitised.
3. An initiative has been undertaken to transliterate the Records of Rights from local language to any of the languages recognized by the Constitution of India.

Which of the statements given above are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**99.** With reference to the 'Pradhan Mantri Surakshit Matritva Abhiyan', consider the following statements :

1. This scheme guarantees a minimum package of antenatal care services to women in their second and third trimesters of pregnancy and six months post-delivery health care service in any government health facility.
2. Under this scheme, private sector health care providers of certain specialities can volunteer to provide services at nearby government health facilities.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**100.** With reference to the Pradhan Mantri Shram Yogi Maan-dhan (PM-SYM) Yojana, consider the following statements :

1. The entry age group for enrolment in the scheme is 21 to 40 years.
2. Age specific contribution shall be made by the beneficiary.
3. Each subscriber under the scheme shall receive a minimum pension of ₹ 3,000 per month after attaining the age of 60 years.
4. Family pension is applicable to the spouse and unmarried daughters.

Which of the statements given above is/are correct ?

(a) 1, 3 and 4

(b) 2 and 3 only

(c) 2 only

(d) 1, 2 and 4

कच्चे काम के लिए जगह

**SPACE FOR ROUGH WORK**

कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO***

**T.B.C. : KSPC-P-GSPO**

**Test Booklet Series**

**A**

# TEST BOOKLET

# GENERAL STUDIES

## PAPER – I

***Time Allowed : Two Hours*** ***Maximum Marks : 200***

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHQULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET DOES ***NOT*** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series Code A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **100** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet***. You are permitted to take this Test Booklet with you.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN ALL THE QUESTIONS.
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO***

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के मुख पृष्ठ पर छपा है ।